# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक: शिविरा/माध्य/छा.प्रो.प्र./बी/विपूमैछा/आवंटन/2019-20/ दिनांक: 10.5.19

## (विस्तृत जानकारी)

राज्य में अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जनजाति (ST)/अति पिछड़ा वर्ग (MBC) के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विकास हेतु तीन अलग-अलग **विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में** सत्र **2019-20 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु** निम्नांकित विवरण के अनुसार प्रवेश प्रकिया संपादित की जाकर प्रवेश दिये जायेगें :-

1 योजनाओं के नाम :-

(अ) **शिक्षा विभागीय योजना**
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना

(ब) **जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (टी.ए.डी.) योजना**
अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना

(स) **विशेष समूह योजना (देवनारायण गुरुकुल योजना)**
अति पिछड़ा वर्ग (एम.बी.सी) के छात्र-छात्राओं हेतु विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना

2 **विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु 2019-20 में रिक्तियां :-**

(अ) शिक्षा विभागीय योजना

| वर्ग | 2019-20 में रिक्तियां | | |
|---|---|---|---|
| | छात्र | छात्रा | योग |
| अनुसूचित जाति | 172 | 114 | 286 |
| अनुसूचित जनजाति | 128 | 86 | 214 |
| **कुल योग** | 300 | 200 | 500 |

(ब) **जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (टी.ए.डी.) योजना**

| क्षेत्र | छात्र | छात्रा | योग |
|---|---|---|---|
| जनजाति उपयोजना क्षेत्र में सम्मिलित 5 जिलों में **डूंगरपुर** व **बांसवाड़ा** सम्पूर्ण जिले, **उदयपुर** जिले की सात पूर्ण तहसीलें एवं तहसील गिर्वा के 123 गांव व तहसील गोगुन्दा के 52 गांव, **प्रतापगढ़** जिले की प्रतापगढ़, अरनोद, धरियावद व पीपलखूंट तहसीलें तथा सिरोही जिले की आबू रोड तहसील का आबू रोड ब्लॉक सम्मिलित है। क्षेत्र निर्धारण की जो अद्यतन जानकारी **जनजाति क्षेत्रीय विकास** विभाग (टी.ए.डी.) की वेबसाईट **www.tad.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है, अधिकृत मानी जावेगी | 170 | 130 | 300 |
| गैर जनजाति उपयोजना क्षेत्र (शेष जिले) | 120 | 80 | 200 |
| **कुल योग** | 290 | 210 | 500 |

(स) **विशेष समूह योजना (देवनारायण गुरुकुल योजना)**

| वर्ग | 2019-20 में रिक्तियां | | |
|---|---|---|---|
| अति पिछड़ा वर्ग-एम.बी.सी. | छात्र | छात्रा | योग |
| | 300 | 200 | 500 |

3 **छात्र/छात्रा की पात्रता :-**

(अ) छात्र/छात्रा को राजस्थान राज्य का मूल निवासी होना चाहिए। **(विद्यार्थी का स्वयं का मूल निवासी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है)**

(ब) छात्र/छात्रा को उक्त तीनों योजनाओं से संबंधित वर्ग विशेष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्ग) का होना चाहिए। **(विद्यार्थी का स्वयं का जाति प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है)**

(स) छात्र/छात्रा राजकीय/मान्यता प्राप्त गैर राजकीय विद्यालय में नियमित अध्ययनरत रहते हुए **कक्षा 5** न्यूनतम 'C' Grade से उत्तीर्ण होना चाहिए। **(विद्यार्थी की अंक तालिका होना अनिवार्य है)**

(द) छात्र/छात्रा के माता-पिता आयकरदाता नहीं होने चाहिए। **(आय प्रमाणपत्र अनिवार्य है)**

(य) इस योजना में एक माता-पिता की अधिकतम दो संतानें ही प्रवेश एवं लाभ के लिए पात्र होंगी। इस आशय का घोषणा पत्र परीक्षा आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः माता-पिता द्वारा प्रस्तुत करना होगा। **(घोषणापत्र अनिवार्य है)**

4 **आवेदन पत्र का प्रस्तुतीकरण :–**

(अ) छात्र/छात्रा को अपना आवेदन विभाग द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र एवं उच्च प्रतिष्ठित विद्यालयों के रूप में चयनित 54 विद्यालयों की सूची जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा कार्यालयों एवं विभागीय वेबसाइट **www.education.rajasthan.gov.in/secondary** से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है। वेबसाइट के **Scholarship** टेब पर क्लिक कर विस्तृत जानकारी, 54 उच्च प्रतिष्ठित विद्यालयों के रूप में चयनित विद्यालयो की सूची एवं आवेदन पत्र प्रिंट किया जा सकता है।

(ब) विद्यार्थी भरे हुए आवेदन पत्र अपने वर्तमान विद्यालय के जिले/क्षेत्र से संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा कार्यालय में अंतिम तिथि **25.05.2019 शनिवार** को सायंकाल 6:00 बजे तक व्यक्तिशः उपस्थित हो कर जमा करवा सकेंगें।

(स) आवेदन पत्र के साथ निम्न अभिलेखों की **प्रमाणित फोटो प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है :–**

- ★ सक्षम अधिकारी द्वारा विद्यार्थी के नाम से जारी राजस्थान के मूलनिवासी प्रमाणपत्र की प्रति
- ★ सक्षम अधिकारी द्वारा विद्यार्थी के नाम से जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति
- ★ छात्र–छात्रा की कक्षा 5 उत्तीर्ण अंक तालिका की प्रति
- ★ माता–पिता का आय प्रमाण पत्र संलग्न निर्धारित प्रपत्र में (परिशिष्ट–1)
- ★ माता–पिता का दो से अधिक संतान योजनांतर्गत लाभान्वित न होने का स्वघोषणा पत्र (परिशिष्ट–2)

(द) आवेदन पत्र अपूर्ण अथवा अस्पष्ट होने पर छात्र/छात्रा की पात्रता निरस्त की जा सकती है

(य) आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की कटिंग/सफेद स्याही/ओवर राइटिंग नही की जावे। ऐसा पाये जाने की स्थिति मे आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं करते हुए निरस्त कर दिया जायेगा

(र) आवेदन पत्र को एक ही तरह के पेन/स्याही तथा हैंड राइटिंग से भरा जाना अनिवार्य है।

(ल) **आवेदन पत्र में प्रवेश हेतु इच्छित तीन विद्यालयों के नाम में किसी भी प्रकार की कटिंग/ओवर राईटिंग/सफेद स्याही लगे आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें। इस प्रकार के आवेदन स्वीकार नहीं किये जावें। अगर किसी जि.शि.अ. कार्यालय द्वारा इस प्रकार के आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रेषित किये गये तो उनके विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।**

(व) **प्रवेश पूर्व परीक्षा में उत्तीर्ण एवं मेरिट अनुसार अन्तिम रूप से चयनित विद्यार्थियों को विभाग द्वारा चयनित 54 विद्यालयों में ही प्रवेश दिया जायेगा। इन चयनित 54 विद्यालयों के अतिरिक्त अन्य किसी भी विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा अतः विद्यार्थी संलग्न सूची में वर्णित 54 विद्यालयों में से ही प्रवेश हेतु** विद्यालय का चयन करें।

5 **प्रवेश पूर्व परीक्षा (पाठ्यक्रम, शुल्क, केन्द्र, आयोजन एवं परिणाम) :–**

(अ) प्रवेश पूर्व परीक्षा में प्रश्नों का स्तर, कक्षा 5 के विभागीय पाठ्यक्रम के समकक्ष रहेगा।

(ब) प्रवेश पूर्व परीक्षा में हिन्दी, गणित, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान व अंग्रेजी प्रत्येक विषय को 20 का भारांक देकर कुल 100 अंको का प्रश्न पत्र दिया जाएगा जिसे 2 घंटे में हल करना होगा। यह प्रश्नपत्र केवल हिन्दी लिपि में ही मुद्रित होगा।

(स) परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए छात्र/छात्रा से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।

(द) जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा द्वारा प्रवेश पूर्व परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय विद्यालयों में करवाया जा सकेगा। प्रवेश पूर्व परीक्षा में वीक्षक के रूप में केवल राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों को ही नियुक्त किया जावे।

(य) छात्र–छात्राएं स्वयं उपस्थित होकर जिस जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था वहीं से प्रवेश पत्र प्राप्त करेगें। छात्र–छात्रा को प्रवेशपत्र परीक्षा केन्द्र पर अपने साथ अनिवार्यतः ले कर जाना होगा इसके अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(र) **प्रवेश पूर्व परीक्षा का आयोजन <u>09 जून 2019 रविवार</u> को किया जायेगा।**

(ल) **प्रवेश पूर्व परीक्षा का परिणाम दिनांक <u>27 जून 2019</u> को घोषित किया जायेगा**

(व) प्रवेश पूर्व परीक्षा का परिणाम समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाएगा साथ ही शिक्षा विभागीय वेबसाईट **www.education.rajasthan.gov.in/secondary** के **Scholarship** टेब पर अपलोड किया जायेगा।

6 **छात्र–छात्राओं को योजनांतर्गत देय सुविधाएं :–**

(अ) छात्र/छात्रा को नियमानुसार गुणात्मक शिक्षा, स्वच्छ आवास एवं बिस्तर, भोजन, पोशाक, पाठ्य पुस्तकें एवं लेखन सामग्री आदि की निःशुल्क सुविधाएं विद्यालय द्वारा देय होंगी। जिसके लिए विद्यालय को अधिकतम रु 50,000/– (रूपये पचास हजार मात्र) वार्षिक अथवा विद्यालय द्वारा

व्यय की गई वास्तविक राशि दोनो में जो भी कम हो, का पुनर्भरण संबंधित विभाग द्वारा किया जाएगा। छात्र/छात्रा द्वारा किसी भी तरह की राशि विद्यालय को नहीं देनी होगी।

(ब) छात्र–छात्रा को कक्षा 6 से 12 तक में राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम का अध्ययन करवाया जायेगा। विद्यार्थी को कक्षा 11 व 12 में उसके द्वारा चयनित विद्यालय में संचालित हो रहे ऐच्छिक विषयों का ही अध्ययन करना होगा।

(स) प्रवेश पूर्व परीक्षा में चयनित छात्र–छात्राओं को कक्षा 6 में प्रवेश दिया जायेगा। तत्पश्चात् कक्षा 12 तक प्रतिवर्ष स्वतः ही उनका नवीनीकरण होता रहेगा बशर्ते कि इन छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिवर्ष प्रत्येक कक्षा में न्यूनतम "C" Grade अथवा 50 प्रतिशत अंक अर्जित किये जावे। (स्पष्टीकरण :– कक्षा 6 से 8 तक विभाग में ग्रेडिंग पद्धति प्रचलन में है जबकि कक्षा 9 से 12 तक अंक पद्धति तदनुसार उक्त शर्त का परीक्षण प्रतिवर्ष किया जा सकेगा)

**7 अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं के योजनावार चयन का आधार :–**

(अ) अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं का **प्रवेश पूर्व परीक्षा** की मेरिट/वरीयता अनुसार **सर्वप्रथम** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभागीय योजना हेतु और तत्पश्चात शेष रहे छात्र/छात्राओं का शिक्षा विभागीय योजना हेतु चयन किया जा सकेगा।

**8 विद्यालय का आवंटन :–**

(अ) निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर द्वारा प्रवेश पूर्व परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनके आवेदन पत्र में वर्णित तीन विद्यालयों मे से कक्षा 6 की रिक्त सीटों की उपलब्धता के आधार पर कोई एक विद्यालय आवंटन किया जायेगा।

(ब) विद्यालय आवंटन की सूची निदेशालय द्वारा दिनांक 02.07.2019 सोमवार को घोषित कर दी जायेगी। जिसकी सूचना विभागीय वेबसाईट **www.education.rajasthan.gov.in/secondary** पर उपलब्ध होगी, एवं समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा होगी।

(स) विद्यालय आवंटन के पश्चात सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा द्वारा निर्धारित तिथियों 03.07.2019 से 04.07.2019 तक (देखें टाईम लाईन) विद्यालयवार प्रवेश शिविरो का आयोजन कर सभी छात्र–छात्राओं के प्रवेश आवंटित विद्यालय में सुनिश्चित करवाते हुए सूचना निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर को दिनांक 05.07.2019 सायं 6.00बजे तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

**विशेष : छात्र/छात्रा को विद्यालय आवंटित कर देने/प्रवेश दे देने के बाद भी पात्रता में किसी प्रकार की कमी उजागर होने पर उसका चयन स्वतः ही निरस्त माना जायेगा । मिथ्या तथ्य/जानकारी देकर प्रवेश का प्रयास करने पर छात्र–छात्रा/अभिभावक के विरूद्ध नियमानुसार FIR/वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।**

**(नथमल डिडेल)**
**IAS**
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. शासन उप सचिव शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान सरकार जयपुर।
2. निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान जयपुर।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा को भिजवाकर निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें।
4. पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं बीकानेर को भिजवाकर लेख है कि संलग्न कार्यक्रमानुसार परीक्षा सम्पादन एवं परीक्षा परिणाम घोषणा संबंधित कार्यवाही निर्धारित तिथियों को करवाना सुनिश्चित करें।
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनु. कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने बाबत्।

10-5-19
**प्रभारी अधिकारी**
**छात्रवृति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**

## विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृति सत्र 2019–20 में प्रवेश प्रकिया हेतु टाइम लाईन

| करणीय कार्य | तय दिनांक |
|---|---|
| छात्र–छात्रा द्वारा आवेदन पत्र जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा कार्यालय में जमा करवा कर पावती लेना | 25.05.2019 को सायं 6 बजे तक |
| जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा कार्यालय द्वारा आवेदन पत्रों की जांच कर पात्र विद्यार्थियों की सूची निर्धारित प्रारूप में (हार्ड व सॉफ्ट कॉपी) सहित आवेदन पत्र पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं बीकानेर को उपलब्ध करवाना | 28.05.2019 को सायं 6 बजे तक |
| जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा कार्यालय द्वारा पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं बीकानेर से प्रवेश पत्र प्राप्त करना | 03.06.2019 से 04.06.2019 तक |
| जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा कार्यालय द्वारा छात्र–छात्राओं को प्रवेश पत्र वितरण | 07.06.2019 तक |
| जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा द्वारा पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं के निर्देशानुसार प्रवेश पूर्व परीक्षा का जिला मुख्यालयों पर आयोजन | 09.06.2019 प्रातः 10.00से 12.00तक |
| पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित कर निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर को योजनावार / मेरिट वार सूची (हार्ड कॉपी व सॉफ्ट कॉपी में) मय चयनित विद्यार्थियों के आवेदन पत्र उपलब्ध करवाना | 27.06.2019 |
| निदेशालय द्वारा विद्यालय आवंटन की सूची विभागीय वेबसाईट पर जारी करना | 02.07.2019 |
| जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा कार्यालय द्वारा विद्यालयवार प्रवेश शिविरों का आयोजन | 03.07.2019 से 04.07.2019 |
| जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा द्वारा विद्यालयवार प्रवेश की अंतिम सूचना निदेशालय को भिजवाना | 05.07.2019 सायं 6 बजे तक |
| प्रवेश प्रकिया का समापन | 06.07.2019 |

नोट : समस्त संबंधित अधिकारी, कार्मिक एवं कार्यालय उक्त टाईम लाईन का दृढ़ता से पालन करेंगे।

(नथमल डिडेल)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अन्तिम रूप से चयनित विद्यार्थियों को निम्नलिखित चयनित 54 विद्यालयों की सूची जिनमें प्रवेश दिया जायेगा।**

| क्र.सं. | मण्डल | जिला | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर | नागौर | वीर तेजा माउमावि तेजाजीनगर, मारवाड़–मूण्डवा नागौर |
| 2 | | नागौर | टैगोर शिक्षा संस्थान उमावि कुचामन सिटी नागौर |
| 3 | | नागौर | सेन्ट जेवियर उमावि नागौर |
| 4 | | टोंक | सेन्ट सोल्जर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, टोंक |
| 5 | भरतपुर | भरतपुर | डी. पी. एम. उमावि सहरौला, भरतपुर |
| 6 | | भरतपुर | श्री राधे (एस.आर.) सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, नदबई, भरतपुर |
| 7 | | भरतपुर | सीनियर सैकण्डरी आदर्श पब्लिक विद्या मंदिर नदबई, भरतपुर |
| 8 | | भरतपुर | राजेश पायलेट उमावि शेरगढ़ बयाना भरतपुर |
| 9 | | भरतपुर | बी०एस० पब्लिक उमावि सेवर रोड भरतपुर |
| 10 | | भरतपुर | कला विद्या मन्दिर उमावि कासगंज रोड नदबई भरतपुर |
| 11 | | भरतपुर | दुष्यन्त विद्या मंदिर उमावि सिकरारी बयाना भरतपुर |
| 12 | | भरतपुर | आदर्श टैगोर शिक्षा समिति आवासीय उमावि 132 के.वी.जी.एस.एस. के सामने कुम्हेर रोड नदबई भरतपुर |
| 13 | | सवाई माधोपुर | ग्रामीण महिला विद्यापीठ उमावि मैनपुरा सवाई माधोपुर |
| 14 | | धौलपुर | आदर्श विद्या मंदिर उमावि घण्टाघर रोड, धौलपुर |
| 15 | | धौलपुर | ऋषि गालव उमा विद्यापीठ धौलपुर |
| 16 | | धौलपुर | सेन्ट लोनार्ड्स उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतपुर |
| 17 | | धौलपुर | गोविन्द पब्लिक स्कूल उमावि धौलपुर |
| 18 | बीकानेर | हनुमानगढ़ | श्री गुरुनानक खालसा पब्लिक सी०सै० स्कूल हनुमानगढ़ |
| 19 | | हनुमानगढ़ | वी०आर० आदर्श उमावि संगरिया, हनुमानगढ़ |
| 20 | | श्री गंगानगर | भोपालवाला आर्य उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्री गंगानगर |
| 21 | चूरू | चूरू | आर्डेन्टियल पब्लिक स्कूल, राजगढ़ (चूरू) |
| 22 | | चूरू | स्वामी केशवानन्द जी.बी.पी. संस्थान उमावि, चूरू |
| 23 | | झुन्झुनु | टैगोर गिल्ड्स एकेडमी उमावि सूरजगढ़, झुन्झुनु |
| 24 | | झुन्झुनु | राजस्थान पब्लिक उमावि गणपति नगर, झुन्झुनु |
| 25 | | झुन्झुनु | रविन्द्र पब्लिक उमावि झुन्झुनु |
| 26 | | झुन्झुनु | हैरिटेज किंग्स गार्डन पब्लिक स्कूल सिंघाणी बुहाना झुन्झुनु |
| 27 | | झुन्झुनु | राजस्थान पब्लिक सी०सै० विद्यालय झुन्झुनु |
| 28 | | झुन्झुनु | आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डावा, झुन्झुनु |
| 29 | | सीकर | भारतीय उमावि चौधरी चरणसिंह नगर सीकर |
| 30 | | सीकर | सुभाष विद्या मन्दिर उमावि रोल्साबसर, सीकर |
| 31 | | सीकर | श्री राम शिक्षा निकेतन सीनियर स्कूल, चिड़िया टीबा, सीकर |
| 32 | | सीकर | ज्ञानदीप पब्लिक उमावि गायत्री नगर श्यामकृष्णपुरा सीकर |
| 33 | | सीकर | विद्या भारती पब्लिक स्कूल सोभासर सीकर |
| 34 | | सीकर | भारतीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रींगस सीकर |
| 35 | | सीकर | स्वामी केशवानन्द उमावि रामगढ़ शेखावटी सीकर |
| 36 | जयपुर | अलवर | राव ऐजुकेशन एकेडमी कोठी नारायणपुर राजगढ़ अलवर |
| 37 | | अलवर | टैगोर पब्लिक उमावि विद्यालय वन्दना अलवर |
| 38 | | जयपुर | श्री महावीर शिक्षा संस्थान किशनगढ़ रैनवाल जयपुर |
| 39 | | दौसा | शिवाजी आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय इन्दिरा कॉलोनी, आगरा रोड दौसा |
| 40 | जोधपुर | जोधपुर | महेश उमावि जोधपुर |
| 41 | कोटा | कोटा | भुवनेश बाल विद्यालय कोटा |
| 42 | | कोटा | सर्वोदय उमावि जगपुरा कोटा |
| 43 | | कोटा | एल.बी.एस. उमावि रंगपुर, कोटा |
| 44 | | झालावाड़ | शकुन्तला एकेडमी उमावि झालावाड़ |
| 45 | पाली | जालौर | सरस्वती विद्या मन्दिर उमावि मालवाड़ा जालौर |
| 46 | | जालौर | सरस्वती विद्या मन्दिर उमावि भादाजून, जालौर |
| 47 | | सिरोही | सेन्ट मीरा उमावि शिवगंज सिरोही |
| 48 | उदयपुर | उदयपुर | विद्या भवन उमावि उदयपुर |
| 49 | | उदयपुर | महिला मंडल उमावि उदयपुर |
| 50 | | उदयपुर | बाल शिक्षा मन्दिर उमावि उदयपुर |
| 51 | | उदयपुर | राणा प्रताप उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोगुन्दा, उदयपुर |
| 52 | | प्रतापगढ़ | वल्लभ विद्या विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर, धरियावद, प्रतापगढ़ |
| 53 | | प्रतापगढ़ | ट्रिनिटी एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय, दलोट, प्रतापगढ़ |
| 54 | | बांसवाड़ा | पायोनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी, बांसवाड़ा |

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु
विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना

## कक्षा 6 में प्रवेश पूर्व परीक्षा सत्र 2019–20 हेतु आवेदन पत्र

नामांक :– . . . . . . . . . . . . . .(रिक्त छोडें–कार्यालय उपयोग हेतु) आवेदन पत्र प्राप्ति क्र.सं. ..................

| मेरा आवेदन पत्र विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृति हेतु निम्न संवर्ग में प्रस्तुत है :– | | ✔ करें |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति SC | |
| 2 | अनुसूचित जनजाति ST | |
| 3 | अति पिछड़ा वर्ग MBC | |

विद्यार्थी का प्रमाणित फोटोग्राफ

| | | |
|---|---|---|
| 1. | छात्र/छात्रा का नाम | .................................................... |
| 2. | जन्म तिथि (अंकों में) | .................................................... |
| | (शब्दों में) | .................................................... |
| 3. | पिता का नाम | .................................................... |
| 4. | माता का नाम | .................................................... |
| 5. | छात्र/छात्रा का आधार नंबर | .................................................... |
| 6. | परिवार का भामाशाह कार्ड नंबर | .................................................... |
| 7. | मूल निवासी राज्य – राजस्थान | मूल निवासी जिला – .................................... |

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु
विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना

## कक्षा 6 में प्रवेश पूर्व परीक्षा सत्र 2019–20 हेतु प्रवेशपत्र

नामांक :– ........................................ (रिक्त छोड़े– कार्यालय उपयोग हेतु)

विद्यार्थी का प्रमाणित फोटोग्राफ

| मेरा आवेदन पत्र विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृति हेतु निम्न संवर्ग में प्रस्तुत है :– | | ✔ करें |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति SC | |
| 2 | अनुसूचित जनजाति ST | |
| 3 | अति पिछड़ा वर्ग MBC | |

छात्र/छात्रा ........................................................ पुत्र/पुत्री श्री ........................................................
जिला ........................................ को विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति की प्रवेश पूर्व परीक्षा 2018–19 के केन्द्र (रिक्त छोड़े– कार्यालय उपयोग हेतु) ........................................................
पर सम्मिलित होने की अनुज्ञा प्रदान की जाती है।

**परीक्षा दिनांक 09 जून 2019 रविवार समय प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्र पर नियत समय से आधा घण्टा पूर्व पहुंचना आवश्यक है।**

हस्ताक्षर
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएं,
राजस्थान बीकानेर

| | | |
|---|---|---|
| 8. | निवास का पूरा पता | ..........................................<br>..........................................<br>गांव .................... पोस्ट ....................<br>वाया .................... जिला ....................<br>पिनकोड सं....................<br>मोबाईल नं0 .................... |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | माता–पिता की वार्षिक आय (वर्ष 2018–19) | .................... | आयकरदाता | हां / नहीं |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | कक्षा 5 परीक्षा मे ग्रेड (✔ करें) | A | B | C | D | E |
| 11. | कक्षा 5 मे अध्ययन का माध्यम (✔ करें) | हिन्दी | | English | | |

12. छात्र / छात्रा के **विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृति योजना** में अध्ययन कर चुके अथवा अध्ययनरत भाई–बहनों का विवरण :–

| क्र.सं. | भाई–बहन का नाम | अंतिम कक्षा | योजना के विद्यालय का नाम | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |

13. प्रवेश पूर्व परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर आप जिन विद्यालयों में प्रवेश लेना चाहेंगे। (प्राथमिकता के क्रम में उन तीन विद्यालयों के नाम अंकित करें।)

1. ..........................................
2. ..........................................
3. ..........................................

## माता / पिता और छात्र / छात्रा द्वारा घोषणा

मैं घोषणा करता / करती हूं कि :–

1. मेरे द्वारा आवेदनपत्र में दी गई जानकारी पूर्णतया सत्य है, भविष्य में प्रदत्त तथ्यों में कोई भी गलत जानकारी पाई जाती है तो मेरी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी एवं मैं विभाग द्वारा छात्र / छात्रा के लिए विद्यालय को पुनर्भरण की गई समस्त राशि विभाग को वापस जमा कराने के लिए बाध्य रहूंगा।
2. पूर्व में मेरे एक से अधिक पुत्र–पुत्री / भाई–बहन ने इस योजना के अंतर्गत न तो अध्ययन किया है और न ही वर्तमान में एक से अधिक अध्ययनरत है ।

माता / पिता के हस्ताक्षर — छात्र / छात्रा के हस्ताक्षर

## जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा का प्रमाणीकरण

प्रमाणित किया जाता है कि छात्र/छात्रा .................................................. पुत्र/पुत्री .................................................. के आवेदन पत्र की जांच करने के पश्चात उसकी प्रविष्ठियां एवं पात्रता सही पाये जाने पर छात्र/छात्रा को सत्र 2019–20 की विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति की प्रवेश पूर्व परीक्षा में सम्मिलित करने की अनुशंषा की जाती है ।

जांचकर्ता के हस्ताक्षर　　　जांचकर्ता के हस्ताक्षर　　　जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)<br>माध्यमिक शिक्षा के हस्ताक्षर<br>मय सील

---

## परीक्षा केन्द्र का आवंटन

छात्र/छात्रा .................................................. पुत्र/पुत्री .................................................. के आवेदन पत्र की जांच करने के पश्चात् सही पाये जाने पर छात्र–छात्रा को कक्षा 6 की पूर्व प्रवेश परीक्षा सत्र 2019–20 में सम्मिलित करने हेतु केन्द्र .................................................. ...............आवंटित किया जाता है।

प्रभारी के हस्ताक्षर　　　जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)<br>माध्यमिक शिक्षा के हस्ताक्षर<br>मय सील

---

आवेदन पत्र प्राप्ति क्र. ....................

## पावती

छात्र/छात्रा .................................................. पुत्र/पुत्री श्री .................................................. ............का विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति सत्र – 2019–20 हेतु आवेदन पत्र आज दिनांक .................................. को इस कार्यालय में प्राप्त हुआ।

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)<br>माध्यमिक शिक्षा के हस्ताक्षर<br>मय सील

## आय प्रमाण–पत्र

(यह घोषणापत्र माता/पिता/संरक्षक द्वारा भरा जाएगा)

### भाग–1 (स्वघोषणा)

1. छात्र/छात्रा के माता/पिता/संरक्षक का नाम : ..........................................................................
2. निवास स्थान का पूरा पता : ..........................................................................
   ग्राम : .................. पोस्ट : .................. तहसील : .................. जिला : .................. पिन : ..................

**माता/पिता/संरक्षक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय का विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | कृषि भूमि से आय | |
| (2) | वेतन, पेंशन, नियोजन, मजदूरी से आय | |
| (3) | मशीनरी, किराया, दुकान, व्यवसाय से आय | |
| (4) | ब्याज, लाभांश, अन्य स्त्रोतों से आय | |
| | **कुल वार्षिक आय :–** | |

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही है।

दिनांक :–

माता/पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर
नाम ..................................

### भाग–2 (शपथ पत्र)

मैं .............................................. पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .............................................. निवासी .................. शपथपूर्वक उदघोषणा करता/करती हूं कि मेरी एवं मेरे पति/पत्नी की समस्त स्त्रोतों से कुल वार्षिक आय रु .................. अक्षरे रु .............................................. है। उक्त शपथपत्र मेरी निजी जानकारी से लिखा गया है, जो सही है। इसमें कोई तथ्य छिपाया नही गया है और न ही असत्य लिखा है। ईश्वर साक्षी है। इस शपथपत्र में अंकित तथ्य एवं शपथपूर्वक उदघोषित वार्षिक आय का गलत या मिथ्या होना अथवा किन्हीं तथ्यो मे फेर–बदल करना, किसी तथ्य को छुपाना, तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर पेश करना, सरकार को गुमराह करने का प्रयास करना इत्यादि भारतीय दण्ड संहिता की धारा – 177, 197, 198, 200 एवं 420 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी मे आते है। मैं यह अच्छी तरह से समझता हूं कि मेरे द्वारा उपरोक्त कृत्य करने पर मेरे विरुद्ध उपरोक्त धाराओं में फौजदारी मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा सकती है तथा दोषी पाए जाने पर मुझे 3 से 7 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

दिनांक :–

माता/पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर
नाम ..................................

### भाग–3 (दो उत्तरदायी व्यक्तियों के साक्ष्य प्रमाणपत्र)

हम शपथपूर्वक बयान करते हैं कि प्रार्थी/प्रार्थिया ..............................................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .................. निवासी .................. को भली प्रकार से जानते हैं। इनके द्वारा उपरोक्तानुसार की गई घोषणा के हम साक्षी हैं। हमारी जानकारी में उक्त वर्णित आय के अलावा प्रार्थी/प्रार्थिया के पास आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है।

(1) हस्ताक्षर उत्तरदायी व्यक्ति
नाम..................................
पदनाम..................................
दिनांक..................................

(2) हस्ताक्षर उत्तरदायी व्यक्ति
नाम..................................
पदनाम..................................
दिनांक..................................

नोट :– (उत्तरदायी व्यक्ति यथा–सांसद, विधायक, जिला प्रमुख, प्रधान, जिला परिषद सदस्य, सरपंच, वार्ड पंच, महापौर, उप महापौर, नगर निगम–नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद, वार्ड मेंबर, राजकीय अधिकारी, कर्मचारी से अभिशंषा करवाएं)

### भाग–4 (प्रमाणीकरण)

उपरोक्त (शपथकर्ता का नाम) .............................................. पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .................. आयु .................. निवासी .............................................. ने मेरे समक्ष उपस्थित हो कर शपथपूर्वक उक्तानुसार अभिकथन किया है, जिसे प्रमाणीकृत/जिसकी पहचान .............................................. के द्वारा की गई है।

हस्ताक्षर मय सील
प्रमाणीकरण अधिकारी

(कार्यपालक मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, नायबतहसीलदार, नगर निकायों के अधिकारी, नोटेरी पब्लिक, ओथ कमिश्नर, राजपत्रित अधिकारी/अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर एवं मोहर अंकित कर प्रमाणीकरण करवाएं)

# स्व–घोषणापत्र

(विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में
आवेदक छात्र/छात्रा के माता/पिता/अभिभावक द्वारा अनिवार्यतः दिया जाएगा)

मैं ........................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ..........................................................
निवासी .................................... पोस्ट ..................................... तहसील ........................................
जिला ..................................... राज्य राजस्थान, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि विशेष पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अध्ययन कर चुके अथवा अध्ययनरत संतानो का विवरण निम्नानुसार है –

| क्र.सं. | नाम | पुत्र/पुत्री | आयु |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

दिनांक :–

हस्ताक्षर
माता/पिता/अभिभावक